भारत सरकार
रसायन एवं उर्वरक मंत्रालय
औषध विभाग

लोक सभा
अतारांकित प्रश्न संख्या 3567
दिनांक 10 अगस्त, 2021 को उत्तर दिए जाने के लिए

चिकित्सा उपकरण पार्क

3567. श्री बी.वाई. राघवेन्द्र:

क्या **रसायन और उर्वरक** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या सरकार कर्नाटक राज्य में चिकित्सा उपकरण पार्क स्थापित करने के लिए कोई कदम उठाने की योजना बना रही है;
(ख) यदि हां, तो जिले-वार तत्संबंधी ब्यौरा क्या है; और
(ग) यदि नहीं, तो कब तक उक्त योजना पर विचार किया जाएगा और इसके क्रियान्वित करने के लिए क्या मानदंड निर्धारित किये गए हैं?

उत्तर
रसायन एवं उर्वरक मंत्री (श्री मनसुख मांडविया)

(क), (ख) और (ग): सरकार "चिकित्सा उपकरण पार्कों का संवर्धन" योजना को क्रियान्वित कर रही है जिसमें राज्य सरकारों द्वारा विकसित किए जाने वाले चार चयनित चिकित्सा उपकरण पार्कों में साझी अवसंरचनात्मक सुविधाओं के निर्माण के लिए 100 करोड़ रुपए प्रति पार्क का एकबारगी अधिकतम सहायतानुदान प्रदान किए जाने का प्रावधान है। इस योजना का कुल वित्तीय परिव्यय 400 करोड़ रुपए है। इस विभाग ने सभी राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों से इस योजना के तहत प्रस्ताव आमंत्रित किए थे और इसे 16 राज्यों / केंद्र शासित प्रदेशों से प्रस्ताव प्राप्त हुए हैं, जिसमें कर्नाटक सरकार की ओर से एक प्रस्ताव शामिल है, जिसमें जिला मैसूरु के कोचनहल्ली औद्योगिक क्षेत्र में एक चिकित्सा उपकरण पार्क स्थापित करने का प्रस्ताव है। इस योजना के तहत प्राप्त प्रस्तावों का मूल्यांकन शुरू कर दिया गया है।

****